RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : मंगलवार 27 जून 2023 वर्ष 05 अंक 65 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 8 कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## संजय राउत की BJP को चेतावनी...
## 'वैगनर सेना' से की शिंदे गुट की तुलना, बोले- 'महाराष्ट्र में भाड़े की...'



उद्धव ठाकरे गुट के सांसद और प्रवक्ता संजय राउत महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे गुट पर बड़ा हमला बोला है. राउत ने कहा, पुतिन एक तानाशाह हैं. वैगनर को पुतिन ने भाड़े की सेना के तौर पर नियुक्त किया था. जब भाड़े की सेना पर शासन करने की बात आती है, तो मामला उलट जाता है. महाराष्ट्र में भाड़े की सेना का राज है. सांसद संजय राउत ने बीजेपी को चेतावनी देते हुए कहा है कि ये भाड़े की सेना है. ''वैगनर सेना की तरह, शिंदे की भाड़े की सेना बीजेपी पर हमला करने जा रही है. ये किसी के नहीं हैं.''

संजय राउत पाटन में मीडिया से बात कर रहे थे. जब उन्होंने शिंदे गुट की आलोचना की है. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आलोचना की थी कि स्वार्थी कारणों से लोग पटना में एक साथ आये हैं. इस बारे में पूछे जाने पर संजय राउत ने कहा, ''क्या आप चैरिटी के लिए साथ आए हैं? यदि यह उनकी आध्यात्मिकता और परोपकारिता है, तो उन्हें बताएं. परोपकारिता की परिभाषा को कार्यकर्ताओं को समझना होगा.'' कुछ दिन पहले प्रकाश अंबेडकर ने औरंगजेब की कब्र का दौरा किया था. यह पूछे जाने पर कि शिवसेना वइळ ने इसपर ढंग से जवाब नहीं दिया तो संजय राउत ने कहा, ''हमने प्रकाश अंबेडकर के साथ गठबंधन नहीं किया. हमने इसके बारे में बात की है. लेकिन, देवेंद्र फड़णवीस इस बारे में बात नहीं कर सके.

# ठाकरे गुट के नेताओं ने BMC के असिस्टेंट इंजीनियर के साथ की मारपीट

**मुंबईः** महाराष्ट्र के मुंबई से एक बड़ी खबर सामने आई है। ठाकरे गुट के नेताओं ने महानगरपालिका के अधिकारी के साथ मारपीट की है। दरअसल BMC के एच ईस्ट कार्यालय में ठाकरे गुट के नेता अनिल परब प्रोटेस्ट करने गए थे। इस प्रोटेस्ट के लिए वह अधिकारियों से मिलने के लिए गए। इसी दौरान ठाकरे गुट के नेताओं ने BMC अधिकारी के साथ मारपीट की।

### जमकर हुआ हंगामा



**कौन है पीड़ित अधिकारी**

जिस अधिकारी के साथ मारपीट हुई है, उसकी पहचान BMC के असिस्टेंट इंजीनियर के रूप में हुई है। फिलहाल पीड़ित अधिकारी मेडिकल के लिए VN देसाई अस्पताल गया है। उसके बाद वो वकोला पुलिस स्टेशन जाएगा, जहां उसका बयान दर्ज कर पुलिस कानूनी कार्रवाई करेगी।

**हालही में डिप्टी सीएम ने साधा था उद्धव पर निशाना**

हालही में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे पर निशाना साधा था। फडणवीस ने कहा था, 'उद्धव जी, तुमको मिर्ची लगी तो मैं क्या करूं? देवेंद्र फडणवीस किसी के बीच में नहीं पड़ता है। अगर पड़ता है तो छोड़ता नहीं है। एक गाना है, सभी करते रासलीला, मैं करूं तो कैरेक्टर ढीला।'

देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र के चंद्रपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था, 'पटना में विपक्ष की बैठक को मैंने परिवारवादी पार्टी कहा। उद्धव जी, तुमको मिर्ची लगी तो मैं क्या करूं? मैं कांच के घर में नहीं रहता। कांच के घर में रहने वाले दूसरे के घरों पर पत्थर नहीं फेंकते। मेरा जीवन खुली किताब है, मैं तुम्हें सार्वजनिक चैलेंज करता हूं, मैं हूं ,मेरा परिवार है, तुम्हारे पास जो भी है खुल कर दिखाओ, जाहिर करके दिखाओ, मेरा खुला चैलेंज है तुम्हें', ध्यान रखना देवेंद्र फडणवीस किसी के बीच में पड़ता नहीं है, लेकिन पड़ता है तो छोड़ता नहीं है?'

# सफाईकर्मी पर कार चढ़ाई, मौत

## मैनहोल में उतरकर सफाई कर रहा था वर्कर, कार ड्राइवर और ठेकेदार गिरफ्तार

**मुंबई :** मैन होल में उतरकर ड्रेनेज लाइन साफ कर रहे सफाई कर्मी पर एक शख्स ने कार चढ़ा दी। कांदिवली के दहानुकर वाडी इलाके में हुए हादसे में सफाई कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया था। रविवार को इलाज के दौरान सफाई कर्मी की मौत हो गई। मृतक सफाई कर्मी की पहचान 37 साल के जगवीर यादव के रूप में हुई है। वहीं, उनके ऊपर कार चढ़ाने वाले ड्राइवर की पहचान विनोद उधवानी के रूप में हुई है। हादसे की पूरी वीडियो घटनास्थल पर लगे उउळ्ठ कैमरे में रिकॉर्ड हो गई।

**कार ड्राइवर और सफाई ठेकेदार गिरफ्तार**

कांदिवली पुलिस ने कार ड्राइवर



और सफाई ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ड्राइवर के खिलाफ सेक्शन 279, 196, 336 और 304 (अ) के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं ठेकेदार अजय शुक्ला को ड्रेनेज सफाई के दौरान सुरक्षा के जरूरी इंतजाम न करने के चलते गिरफ्तार किया गया है।

**UP में 47 और दिल्ली में 42 सफाईकर्मियों ने जान गंवाई**

सोशल जस्टिस एंड एम्पावरमेंट मिनिस्टर वीरेंद्र कुमार ने पिछले साल लोकसभा में बताया था कि 2017 में 92, 2018 में 67, 2019 में 116, 2020 में 19, 2021 में 36 और 2022 में 17 सफाईकर्मियों की मौत हुई। केंद्र सरकार के राज्यसभा में पेश किए गए डाटा के मुताबिक 40% सफाईकर्मियों की मौत वढ, दिल्ली और तमिलनाडु में हुई है। वढ में सबसे ज्यादा 47, दिल्ली में 42 और तमिलनाडु में 43 सफाईकर्मियों ने जान गंवाई। इनके अलावा हरियाणा में 36, महाराष्ट्र में 30, गुजरात में 28, कर्नाटक में 26, पश्चिम बंगाल में 19, पंजाब में 14 और राजस्थान में 13 की मौत हुई।

## पुलिसकर्मी ने की आत्महत्या



**नागपुर :** महाराष्ट्र के नागपुर शहर में 40 वर्षीय एक पुलिसकर्मी ने सोमवार को बिजली वितरण पैनल (डीपी) बॉक्स को छूकर खुद को करंट लगाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सातारा जिले के निवासी पुलिस कांस्टेबल काशीनाथ भगवान कराडे ने गिट्टीखदान पुलिस थाना क्षेत्र में खुद को बिजली का करंट लगा लिया। उन्होंने कहा कि कराडे एक अन्य पुलिसकर्मी के साथ पेंशन नगर इलाके में किराए के मकान में रहता था। अधिकारी ने बताया कि कांस्टेबल पिछले महीने से पुलिस मुख्यालय में ड्यूटी पर था और बीते कुछ दिन से परेशान था। उन्होंने कहा कि इस संबंध में आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया गया है।

## मुंबई में गैस चूल्हे, सिलेंडर के आग पकड़ने से व्यक्ति की मौत



**मुंबई :** मुंबई के गोरेगांव इलाके की एक इमारत में गैस चूल्हे और सिलेंडर में आग लगने से एक व्यक्ति (55) की झुलस कर मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना दो मंजिला इमारत 'श्री गणेश रहिवासी सेवा मंडल' के एक कमरे में सुबह आठ बजे हुई। एक दमकल अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए दमकल की एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया। नगर निगम अधिकारी ने कहा कि गैस चूल्हे और सिलेंडर तक ही आग सीमित रही।

अधिकारी ने कहा कि आग के कारण हरीश चव्हाण बुरी तरह से झुलस गए थे। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अभी तक आग के कारण का पता नहीं लग पाया है।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### दोहरे संकट में पुतिन

यूक्रेन पर हमला करने और 16 माह में भी वहां निर्णायक जीत हासिल न कर पाने के कारण पहले से ही सवालों से घिरे रूसी राष्ट्रपति पुतिन के लिए इससे बड़ा संकट और कोई नहीं कि वैगनर नामक एक निजी सशस्त्र समूह ने उनके खिलाफ विद्रोह कर दिया। इस निजी सेना ने एक रूसी शहर रोस्तोव पर कब्जा कर वहां स्थित सैन्य ठिकाने को जिस तरह घेरा, उससे पता चलता है कि उसके इरादे खतरनाक हैं। चूंकि यह निजी सेना राजधानी मास्को पहुंचने की कोशिश कर रही है, इसलिए यह माना जा रहा है कि उसे रूसी सेना के भी कुछ गुटों का समर्थन प्राप्त है। सच्चाई जो भी हो, वैगनर का विद्रोह रूसी राष्ट्रपति की मुसीबत बढ़ाने और उनकी साख गिराने वाला है। उनके सामने दोहरा संकट आ खड़ा हुआ है। अब उन्हें यूक्रेन की जमीन पर उसकी सेना के साथ ही अपने घर में भाड़े के सैनिकों से भी निपटना होगा। हालांकि पुतिन ने वैगनर के विद्रोह को विश्वासघात करार देते हुए उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की बात कही है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अभी कल तक वह यूक्रेन में उसका सहयोग ले रहे थे। वैगनर के लड़ाके यूक्रेन में रूसी सेना के साथ लड़ रहे थे तो पुतिन की सहमति और समर्थन से।

वैसे तो रूस में किसी को सशस्त्र समूह गठित करने की अनुमति नहीं है, लेकिन किन्हीं कारणों से वैगनर को इसकी इजाजत दी गई। इस समूह के लड़ाके सीरिया, लीबिया आदि में भी लड़ते रहे हैं। इसमें रूसी सेना के कुछ पूर्व सैनिकों के साथ अपराधी भी हैं। भाड़े के सैनिक केवल पैसे के लिए लड़ते हैं और वे अपने स्वार्थ के लिए किसी का भी साथ दे सकते हैं। कई बार वे अपने समर्थकों और संरक्षकों के लिए ही मुसीबत बन जाते हैं। पता नहीं क्यों पुतिन यह साधारण सी बात नहीं समझ सके? लगता है वह यूक्रेन पर कब्जा करने के लिए कुछ भी करने को तैयार थे। भले ही वैगनर के पास 25 हजार लड़ाके हों और उसके मुखिया ने यह दम भरा हो कि वह रूस के सैन्य नेतृत्व को उखाड़ फेंकेंगे, लेकिन रूस की सेना दुनिया की ताकतवर सेनाओं में से एक है। उसका संख्या बल भी कहीं अधिक है। इसमें संदेह है कि वैगनर के लड़ाके उसका मुकाबला कर पाएंगे, लेकिन यदि रूसी सेना के कुछ जनरल उसके साथ मिल जाते हैं तो पुतिन का संकट गहरा जाएगा। उन खबरों की अनदेखी नहीं की जा सकती, जिनमें यह कहा जाता रहा है कि रूसी सेना के कुछ अफसर यूक्रेन युद्ध को लेकर पुतिन से असहमत हैं। रूस की जनता का एक वर्ग भी यह मानता है कि पुतिन ने यूक्रेन पर हमला कर उसका संकट बढ़ाने का काम किया है। विद्रोह का नतीजा कुछ भी हो, पुतिन की ताकतवर नेता की छवि धूमिल होना तय है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# पहली बारिश में जलजमाव पर घिरी सरकार...

## आदित्य ठाकरे ने मुख्यमंत्री के बयान को बताया बेशर्मी



**मुंबईः** पहली बारिश में मुंबई में जगह-जगह जल जमाव होने के बाद विपक्ष ने सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने इसके लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और बीएमसी कमिश्नर इकबाल सिंह चहल को आड़े हाथ लिया है। वहीं, मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड ने भी मुंबई की इस स्थिति के लिए बीएमसी और राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। आदित्य ने रविवार को शिवसेना भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सिर्फ 100 मिलीमीटर बारिश में ही जल जमाव हो गया। इससे पहले मुंबई में जल जमाव की इतनी बुरी स्थिति कभी नहीं हुई थी। उन्होंने कहा कि इतनी-सी बारिश में वह इलाके भी डूब गए, जहां कभी जल जमाव नहीं होता था। आदित्य ने आरोप लगाया कि बीएमसी में तानाशाही चल रही है। जल जमाव की स्थिति में भी बीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर स्थिति का जायजा लेने नहीं गए। उन्होंने कहा कि 'असंवैधानिक मुख्यमंत्री' कहां गायब थे, मुझे नहीं मालूम। हालांकि, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बारिश का जायजा लेने के लिए मिलान सबवे सहित कई जगहों का जायजा लिया।

**'100 फीसदी कमिशनखोर सरकार'**

आदित्य ने कहा कि मुंबई में सड़कों के काम और नाला सफाई में बहुत बड़ा घोटाला हुआ है, जिसे गद्दारों ने अंजाम दिया है। कर्नाटक में जिस तरह 40 फीसदी कमिशन सरकार थी, ठीक उसी तरह यहां 100 फीसदी कमिशनखोर सरकार है। यहां सिर्फ सड़कों के काम में ही नहीं, जलनिकासी में भी बहुत बड़ा घोटाला हुआ है।

बारिश से जल जमाव की स्थिति पर जब मीडिया ने मुख्यमंत्री शिंदे से सवाल किया था, तो उन्होंने जवाब दिया था कि 'बारिश के आने का स्वागत करो, मुंबई में पानी भरने की शिकायत क्या कर रहे हो?' सीएम का यह जवाब वायरल हो गया। इस पर टिप्पणी करते हुए आदित्य ने कहा, 'इतनी बेशर्मी आज तक नहीं देखी' उन्होंने कहा, 'मुख्यमंत्री का यह बयान यह साबित करता है कि बेशर्मी, नाकारेपन और भ्रष्टाचार का अगर कोई चेहरा है, तो वह गद्दार खोखे सरकार का चेहरा है।'

# पालघर/धान खरीदी में करोड़ों का भ्रष्टाचार...

## दो अधिकारियों सहित तीन निलंबित...पढ़े घोटालेबाजों की काली करतूतें



**पालघर :** पालघर जिले में खाद्यान वितरण व खरीदी में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। पहले राशन दुकानों में खाद्यान वितरण में गड़बड़ियां हुईं और अब धान खरीदी में घोटाला किया जा रहा है। पालघर के जव्हार में आदिवासी विकास निगम द्वारा धान खरीदी में जमकर धांधली का मामला सामने आया है। करोड़ों के भ्रष्ट्राचार का मामला गरमाने के बाद निगम की प्रबंध निदेशक लीना बनसोडे ने जव्हार के क्षेत्रीय प्रबंधक सहित तीन लोगों को निलंबित कर दिया है। और घपलेबाजों पर पुलिस स्टेशन मामला भी दर्ज करवाया गया है। आदिवासी विकास निगम द्वारा चावल खरीदी में करोड़ों रुपये की हेराफेरी किये जाने की शिकायत मिलने के बाद बनसोडे ने दो विशेष टीमों के साथ चार दिनों तक गोदामों की जांच की तो धान खरीदी में बड़े पैमाने पर धांधली सामने आ गई। इसके बाद जव्हार के प्रादेशिक व्यवस्थापक विजय गांगुर्डे सहित शहापूर के उपप्रादेशिक व्यवस्थापक अविनाश राठोड , गोदाम रक्षक वसावे को निलंबित कर इन पर विभिन्न धाराओं के केस दर्ज करवाया गया है। मामले की जांच जारी है।

# मातृशक्ति के अंदर असीम धैर्य होता है, मोनिका जैन एडवोकेट




**ग्वालियर,** भारत तिब्बत सहयोग मंच प्रांत अध्यक्ष मोनिका जैन एडवोकेट ने कहा मातृशक्ति के भीतर असीम धैर्य होता है, वहां परिवारिक सामाजिक एवं व्यापारिक सभी स्थल पर धैर्य से एवं सफलतापूर्वक कार्य करने में सक्षम होती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बोध कथाओं के माध्यम से बचपन में हमारे घर के बड़े हमें अनुशासन एवं जिंदगी जीने की सीख सिखाते थे। मैं आग्रह करती हूं कि सभी माता-पिता अपने बच्चों को प्रत्येक दिन 'बोध कथा'जरूर सुनाएं। बोध कथाएं बचपन से ही छोटे बड़े सब का मन मोह लेने वाली एवं जीवन के लिए एक नई सीख देने वाली कथाएं मानी जाती है इन्हीं कथाओं से हिंदी साहित्य सभा अनेकों वर्षों से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन सभा के माध्यम से बच्चों को अवगत करा रहा है कल बीते दिन ग्वालियर हिंदी साहित्य सभा भवन में इंगित बाल गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हे नन्हे बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियां दी, एवं जीवन में कुछ नया सीखने के लिए भी उत्सुकता जताई।

विशिष्ट अतिथि डॉ भारती पुजारी ने बच्चों को प्रोत्साहित किया एवं उन्हें उद्बोधन का अनुशासन सिखाया और समझाया कि जब भी हम उद्बोधन करते हैं तो भले ही हम छोटा लिखें या पढ़ें पर बिना देखें पढ़ें। अतिथि शकुंतला छारी ने राम राम शब्द का बड़ा महत्व बताते हुए,समझाया कि अगर हम एक बार राम-राम बोलते हैं तो हिंदी वर्णमाला के अनुसार उसका जोड़ 108 होता है अध्यक्ष कुमार संजीव जी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जो छोटे-छोटे बच्चे आज यहां प्रस्तुति दे रहे हैं ये आने वाले समय में हिंदी साहित्य भवन का भविष्य बनेंगे एवं हमारी हिंदी भाषा एवं साहित्य के लिए आने वाली पीढ़ी का मार्गदर्शन करेंगे।




# 15 दिनों के घटिया मटेरियल से बने शेड के लिए 15 करोड़ का ठेका!

**मुंबई :** हर साल बकरीद के समय देवनार कत्लखाने में ठेके पर अस्थायी शेड बनाया जाता है। मगर इस बार इस अस्थायी शेड के निर्माण में राज्य की शिंदे-फडणवीस सरकार ने गजब का कारनामा किया है। इस संबंध में चर्चाओं का बाजार गर्म है कि १५ दिनों के शेड के लिए १५ करोड़ रुपयों का ठेका दिया गया है। बताया जा रहा है कि ऐसा काम करके इस बार बकरीद के नाम पर खुलेआम लूट मचाई गई है। गौरतलब है कि मुस्लिम समाज के त्योहार बकरीद के लिए मनपा प्रशासन द्वारा देवनार कत्लखाने के खुले मैदान में हर साल अस्थायी शेड का निर्माण कराया जाता है। इस मौके पर पशुओं की खरीद-बिक्री के लिए वहां भारी भीड़ जुटती है। उनकी



सुविधा के लिए ऐसे उपाय किए जाते हैं। इसके तहत इस वर्ष भी उक्त शेड का निर्माण कराया गया है। अचरज की बात तो यह है कि इस बार १५ दिनों के शेड के लिए काफी ज्यादा रकम का ठेका दिया गया है। १५ दिनों के घटिया मटेरियल से बने शेड के लिए १५ करोड़ का ठेका दिया गया है। इतना ही नहीं, इस साल बनाए गए शेड के सीमेंटीकरण तथा पेय जल सुविधा का काम सबसे निचले व घटिया स्तर का हुआ है। चारों तरफ कचरे का अंबार लगा हुआ है।

**कड़ी कार्रवाई की मांग**

ऑल महाराष्ट्र खटीक एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी अखिल ताडे ने बताया कि इस बार ठेकेदार ने बहुत ही घटिया दर्जे के सामान का उपयोग किया है। इसकी उच्च स्तरीय जांच करने के साथ ही कड़ी कार्रवाई करने की आवश्यकता है। इस संबंध में जब देवनार कत्लखाने के प्रबंधक डॉ कलीम पाशा पठान से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह पूरा काम उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर हुआ है। इसमें देवनार के किसी भी अधिकारी या कर्मचारी का कोई हाथ नहीं है। इस संदर्भ में जब ठेकेदार आसिफ चूनावाला से फोन पर बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। एसएमएस करने पर भी चूनावाला ने किसी भी प्रकार का कोई जवाब नहीं दिया। यह इस बात का संकेत है कि इस मामले में उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है। यहां के व्यापारियों, समाजसेवकों व नागरिकों का कहना है कि इस मामले की कड़ी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

# जन जागरूकता अभियान व मार्गदर्शन कार्यशालाओं जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन नशा विरोधी दिवस

**वसई :** कई नशीले पदार्थों (अंमली पदार्थ ) की तस्करी कर उन्हें बाजार में बेचा जाता है और भविष्य अंधकारमय हो जाता है तथा इस जाल में फंसकर कई लोगों की जिंदगी बर्बाद हो जाती है। इसलिए, नशे के इस कीट को समाज से बाहर निकालने के लिए नशा विरोधी दिवस पर ग्रामीण पुलिस और मीरा-भाईंदर वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय द्वारा जन जागरूकता अभियान और मार्गदर्शन कार्यशालाओं जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। नशे से दूर रहने के विभिन्न उपाय बताए जाएंगे - यह बात कई बार सामने आ चुकी है कि पालघर जिले में अवैध रूप से नशीली दवाओं की तस्करी की जा रही है। हालांकि पुलिस ने इस लत से पीड़ित युवाओं और नागरिकों को इससे बाहर निकालने के लिए



नशामुक्त जिले के लिए जागरूकता का रास्ता चुना है। इसके लिए नशा विरोधी दिवस पर मार्गदर्शन शिविर, कार्यशालाएं और नशे से दूर रहने के विभिन्न उपाय बताए जाएंगे।पालघर के पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल के साथ-साथ मीरा-भाईंदर,वसई-विरार क पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे ने सभी पुलिस स्टेशनों में मादक द्रव्य विरोधी अभियान को तेज करने का प्रयास किया है। जिले भर में टीमें- पालघर ग्रामीण पुलिस और मीरा-भाईंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय द्वारा मादक द्रव्य विरोधी जांच अभियान चलाया गया है।

# अगले दो दिन मुंबई और महाराष्ट्र में भारी बारिश का अलर्ट...! अब तक 6 लोगों की मौत



**मुंबई:** मायानगरी मुंबई समेत पूरे राज्य में शनिवार से भारी बारिश हो रही है। हालांकि, देर से ही सही लेकिन बारिश की जोरदार उपस्थिति से किसान भी खुश हैं। वहीं मुंबई में भारी बारिश के कारण कई जगहों पर पानी भर गया था। प्रमुख रूप से बोरीवली, दहिसर और जोगेश्वरी इलाकों के घरों में पानी भरा था। जिसके चलते घर में टीवी और फ्रिज भी बहते हुए नजर आए। वहीं मुंबई में चार जगहों पर मकान ढहने की खबर सामने आई। अब तक दो दिनों की बारिश ने मुंबई में छह लोगों की जान ले ली है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले दो दिनों तक मुंबई में भारी बारिश होने की आशंका है। इस बाबत मौसम विभाग ने अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, अगले दो दिनों में तटीय इलाकों में भारी बारिश की आशंका है। मौसम विभाग ने रत्नागिरी और मुंबई समेत मध्य महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। लिहाजा मुंबईकर घर से बाहर निकलते समय छाते और रेनकोट लेकर जाएं वरना परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**दो दिनों तक भारी बारिश क्यों?**

मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। जिसके चलते कोंकण के साथ-साथ मुंबई और मध्य महाराष्ट्र में अगले 48 घंटों में बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। लंबे समय के बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। जो ज्यादा से ज्यादा इलाकों को कवर कर रहा है।

**24 घंटे में पानी ही पानी**

पिछले 24 घंटों में मुंबई में भारी बारिश हुई है। इसके चलते कई जगहों पर पानी भर गया है। इस वजह से कुछ जगहों पर ट्रैफिक जाम की भी समस्या हुई। दिलचस्प बात यह है कि 62 सालों के बाद रविवार को पहली बार मुंबई और दिल्ली में एक साथ बारिश हुई। मुंबई में पिछले 24 घंटों में 86 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इस बारिश के कारण अंधेरी के मिलन सबवे में पानी भर गया।

# मुंबई कोविड केंद्र 'घोटाला' : शिवसेना (यूबीटी) पदाधिकारी सूरज चव्हाण ईडी के समक्ष पेश हुए

**मुंबई :** शिवसेना (यूबीटी) के पदाधिकारी सूरज चव्हाण कथित कोविड केंद्र घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय के सामने अपना बयान दर्ज कराने के लिए सोमवार को पेश हुए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि चव्हाण दोपहर करीब साढ़े 12 बजे दक्षिण मुंबई स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। संघीय एजेंसी ने व्यवसायी सुजीत पाटकर के खिलाफ कथित कोविड केंद्र घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में 21 जून को मुंबई में 15 स्थानों पर छापे मारे थे। उसके बाद ईडी ने चव्हाण को अपना बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था। पाटकर को शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत का करीबी माना जाता है। चव्हाण अपने सोशल मीडिया हैंडल पर खुद को शिवसेना का सचिव और युवा सेना की कोर कमेटी का सदस्य बताते हैं। अधिकारियों ने कहा था कि चव्हाण के आवास, मुंबई नगर निकाय के कुछ अधिकारियों और आईएएस अधिकारी संजीव जयसवाल सहित अन्य के ठिकानों पर भी छापे मारे गए। एक




अधिकारी ने पहले कहा था कि ईडी ने छापेमारी के दौरान 2.4 करोड़ रुपये मूल्य के आभूषण एवं और 68 लाख रुपये नकद बरामद किए। अधिकारी ने कहा कि पाटकर और उनके तीन साझेदारों ने कथित तौर पर महामारी के दौरान कोविड-19 फील्ड अस्पतालों के प्रबंधन के लिए मुंबई नगर निकाय के ठेके फर्जी तरीके से हासिल किए। मुंबई पुलिस ने पिछले साल अगस्त में लाइफलाइन हॉस्पिटल मैनेजमेंट सर्विसेज फर्म, पाटकर और उनके तीन भागीदारों के खिलाफ जालसाजी का मामला दर्ज किया था। दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान थाने में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर, ईडी ने धनशोधन की जांच के लिए मामला दर्ज किया।

# पालघर की खुली खटारा बसों की पोल...!

## लोग टपकती छत में छाता लेकर यात्रा करने को हुए मजबूर

**पालघर :** पालघर में मानसून की दस्तक ने महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बसों की पोल खोलकर रख दी है। देखा जाए तो बसों का हाल खस्ता हाल है। बारिश के दौरान सरकारी बसों की हालत खबर होने की वजह से पानी बसों के अंदर आ रहा है। इतना ही नहीं हालात यह है कि पालघर की सरकारी बस में यात्रियों को यात्रा के दौरान छाते का सहारा लेना पड़ रहा है क्योंकि बसों से पानी टपक रहा है।



जिले में एक वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है ।वायरल वीडियो में बारिश के दौरान बस के अंदर बैठे यात्री छाता लगाकर यात्रा कर रहे हैं। वायरल वीडियो सफाले डिपो से उसरणी जा रही सरकारी बस का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में साफ तौर पर दिखाई पड़ रहा है कि कैसे पूरी बस की छत से पानी टपक रहा है और कुछ यात्री छाता लगाए हुए यात्रा कर रहे हैं।

**चलती बस में लगाए छाता**

सफाले बस डिपो से बस उसरणी जा रही थी और बस के अंदर यात्री छाता लगाकर यात्रा कर रहे थे। बस में बारिश का पानी टपक रहा है ।यात्री बस की छत से टपक रहे पानी से बचने की कोशिश करते दिखाई दे रहे हैं। सफाले डिपो की यह बस शनिवार को उसरणी जा रही थी तभी तेज बारिश होने लगी तो जर्जर हालत से बस की छत से पानी बस के अंदर आने लगा था। पानी से बचने के लिए यात्री तरह-तरह के जतन करते दिखाई पड़ रहे हैं।। लोगों ने चुटकी लेते हुए कहा कि सरकारी बसों का टिकट कराए और बारिश का मजा लेते हुए अपनी मंजिल तक पहुंचे।

# वाड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई !

## गोवंश को कत्लखाने ले जाने पहले ही आरोपी गिरफ्तार, 46 गोवंश की बचाई जान

**पालघर :** आगामी बकरीद के मद्देनजर विभिन्न स्थानों से मवेशियों की तस्करी जारी है। शुक्रवार को वाडा पुलिस ने तालुका में एक माध्यमिक विद्यालय के पास अवैध रूप से तस्करी के लिए जमा किए 32 गोवंश को बचाया। वाडा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुरेश कदम को मिली गुप्त सूचना के आधार पर तालुका के वडवली में एक माध्यमिक विद्यालय के पास जानवरों को अवैध रूप से ले जाने की जानकारी मिली। उपविभागीय पुलिस अधिकारी शैलेश काले के मार्गदर्शन में जब वडवली में छापेमारी की गई तो ये 32 जानवर एक छोटी सी जगह में बंद पाए गए।



इसके अगले ही दिन पुलिस की छापेमारी में वडवली यूजर कैंप के एक घर में 14 जानवर बंद मिले. इन दोनों मामलों में, इन सभी गोवंश (गाय, बैल, बछड़े) को बहुत क्रूरता से रस्सियों से बांध दिया गया और बहुत छोटी जगह में बंद कर दिया गया। इन जानवरों के लिए न केवल चारा उपलब्ध कराया गया बल्कि उन्हें पूरे दिन पानी भी नहीं दिया गया। वाडा पुलिस स्टेशन में कुल छह लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और चार लोगो को हिरासत में लिया गया है. पालघर पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल के आदेश पर जव्हार उपविभागीय पुलिस अधिकारी शैलेश काले के मार्गदर्शन में वाडा पुलिस निरीक्षक सुरेश कदम और उनके सहयोगियों ने यह कार्रवाई की.

# मुंबई में इमारत ध्वस्त : मलबे से दो शव निकाले गए



**मुंबई :** मुंबई के घाटकोपर इलाके में रविवार को गिरी चार मंजिला इमारत के मलबे से सोमवार को दो शव निकाले गए। नगर निकाय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मलबे से निकाले गए शव 94 वर्षीय महिला और 56 वर्षीय पुरुष के हैं। अधिकारी ने बताया कि उपनगर घाटकोपर की राजावाड़ी कॉलोनी के चित्तरंजन नगर स्थित उक्त इमारत का एक हिस्सा रविवार को सुबह 9 बजकर करीब 30 मिनट पर ध्वस्त हो गया था। उन्होंने बताया कि बाद में तीन लोगों को मलबे से सुरक्षित निकाल लिया गया था और दबे अन्य दो लोगों को निकालने के लिए बचाव अभियान चलाया जा रहा था। अधिकारी ने बताया कि बचाव अभियान के दौरान अग्निशमन दल के कर्मियों को सोमवार को दो लोग मिले जिन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# पालघर जिले में शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है



**पालघर :** शिक्षा प्रणाली में सुधार लाने के लिए केंद्र से लेकर राज्य की सरकारें तमाम दावे करती रहती हैं। इसके बावजूद सरकारी स्कूलों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। हालात ये हैं कि बुनियादी सुविधाएं तक स्कूलों से नदारद हैं। पालघर जिले में तो शिक्षा का स्तर सुधरने के बजाय दिन-ब-दिन गिरता ही जा रहा है। कहीं स्कूल का भवन है तो शिक्षक ही नहीं हैं। कहीं-कहीं तो दोनों ही नहीं हैं। जिला परिषद के सैकड़ों स्कूलों की इमारतें जर्जर हैं, जिससे नौनिहाल जान मुट्ठी में लेकर इन स्कूलों में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। जर्जर कमरे में नौनिहालों का भविष्य गढ़ा जा रहा है। संसाधनों के अभाव के चलते नौनिहालों का भविष्य कुंठित हो रहा है। अधिकारी जल्द मरम्मत का कार्य शुरू करने की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ते दिख रहे हैं।

बता दें कि जिला परिषद का शिक्षा विभाग पालघर जिले के आठ तालुकों में २,३२१ प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय संचालित करता है। इन स्कूलों में ७ हजार ६८० कमरे हैं। इनमें से २,१२९ कमरों की स्थिति खराब बताई जा रही है। इन स्कूलों में करीब डेढ़ लाख छात्र पढ़ते हैं। पालघर जिले के अस्तित्व में आने के बाद से शिक्षकों की कमी बनी हुई है। कहीं चौथी तक तो कहीं सातवीं तक के स्कूल हैं। जिले की स्थापना के बाद से ही विद्यालयों में पढ़ाने वाले शिक्षकों की कमी रही है और यह आज भी बरकरार है। ऐसे बदहाल स्कूलों की वजह से ग्रामीण इलाकों के खासतौर पर आदिवासियों के बच्चों की शिक्षा पर दोतरफा मार पड़ी है।

# फर्जी लाभार्थियों को बीएसयूपी आवास योजना में घर

**मीरा रोड :** केंद्र सरकार की बीएसयूपी आवास योजना में घर दिलाने के नाम पर एक घोटाला सामने आया है। इस योजना के तहत गरीब झोपड़पट्टी वासियों को घर मिलता है। अब इसमें फर्जी पेपर बनाकर अन्य लाभार्थियों को भी शामिल कर उनसे लाखों रुपए ठगने का मामला सामने आया है। इस सिलसिले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो आरोपी फरार हैं।



बता दें मीरा-भायंदर मनपा द्वारा 'काशी चर्च स्लम' और 'जनता नगर' में बीएसयूपी योजना लागू कर गरीबों को पक्का घर दिया जाना है। इस योजना के तहत उन्हीं लोगों को घर दिए जाएंगे जिनके पास झोपड़ी है। यह योजना शुरू से ही विवादों में रही है। आरोप है कि इस योजना में मुंबई, ठाणे, वसई-विरार में रहने वाले कई फर्जी लाभार्थियों को शामिल किया गया है। कई नागरिकों को घर दिलाने के नाम पर बिजली बिल, राशन कार्ड और अन्य दस्तावेज फर्जी बनाए गए हैं। बताया जा रहा है कि इसमें कई लोगों के साथ धोखाधड़ी हुई है और पुलिस की जांच सही ढंग से हुई तो संबंधित विभाग के कई अधिकारियों के ऊपर कार्रवाई हो सकती है। भारती ने जब कई बार घर दिलाने की मांग की लेकिन आरोपी टालमटोल करते रहे। इस मामले में काशीमीरा पुलिस के जांच अधिकारी पीएसआई अमोल जाधव ने बताया कि तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि मुख्य आरोपी व एक अन्य आरोपी फरार हैं। पुलिस इस मामले में फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। एक आरोपी सरकारी राशन की दुकान चलाता है। उसके बारे में बताया जाता है कि उसने राशनिंग विभाग के अधिकारियों से सांठगांठ कर कई फर्जी राशन कार्ड बनवाए हैं। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि इस योजना में घर पाने के लिए और क्या दस्तावेज तैयार किए गए हैं और इस घोटाले में बिजली व मनपा विभाग के कौन कौन से अधिकारी शामिल हैं।




# मुंबई के इन 17 रेलवे स्टेशनों का होगा कायापलट, मिलेंगी यह सुविधाएं,

## स्टेशनों का विकास अमृत भारत योजना के तहत...

**मुंबई:** बारिश की शुरूआत के साथ ही सोशल मीडिया पर स्टेशनों पर 'वॉटर फॉल' के विडियो शेयर होने लगे हैं। मुंबई उपनगरीय नेटवर्क के कई स्टेशन दशकों पुराने हैं। इन्हें मुंबई अर्बन ट्रांसपोर्ट प्रॉजेक्ट के तहत सुधारा जाना है। स्टेशनों पर क्राउड मैनेजमेंट से लेकर प्रवेश और निकास की व्यवस्था सुगम बनाने के लिए मुंबई रेल विकास निगम 17 स्टेशनों के कायाकल्प करेगा। इन्हें MUTP 3A के तहत किया जा रहा है, जिनकी निविदा जल्द जारी की जाएगी। टफ्श्उ के अनुसार, काम की शुरूआत मॉनसून के बाद होगी। काम पूरा करने के लिए ठेकेदार को 36 महीने दिए जाएंगे। MUTP के साथ ही स्टेशनों का विकास केंद्र सरकार की अमृत भारत योजना के तहत किया जा रहा है। इसके



अलावा, सीएसएमटी जैसे बड़े स्टेशनों का रीडिवेलपमेंट प्लान है, जिसके लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। योजना के पहले चरण के तहत पश्चिम रेलवे के 7 स्टेशनों को नया रूप देने की तैयारी है। चर्नी रोड, ग्रांट रोड, जोगेश्वरी, मरीन लाइंस, मालाड, लोअर परेल और प्रभादेवी को लगभग ■50 करोड़ की लागत से अपग्रेड किया जाएगा। मध्य रेलवे के सैंडहर्स्ट रोड, वडाला, कुर्ला, परेल, माटुंगा, दिवा, मुंब्रा, शहाड, टिटवाला, इगतपुरी, चिंचपोकली, कांजुरमार्ग, विक्रोली, भायखला और विद्याविहार को शामिल किया गया है।

### क्या है मौजूदा स्थिति

घाटकोपर स्टेशन के रीडिवेलपमेंट का काम जारी है। इसके पहले चरण का काम इसी साल दिसंबर तक समाप्त होने की उम्मीद है। दूसरे चरण में करीब 120 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। मुलुंड और डोंबिवली के लिए करीब 109 करोड़ रुपये और जीटीबी नगर, मानखुर्द और चेंबूर के लिए के लिए करीब 113 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पश्चिम रेलवे पर भाईंदर और सांताक्रुज के लिए 113.70 करोड़ रुपये खर्च होंगे। नालासोपारा और वसई रोड के लिए करीब 80 करोड़ खर्च किए जाएंगे। खार रोड, कांदिवली और मीरा रोड स्टेशन के लिए तय काम में से खार स्टेशन का करीब 60 फीसदी काम भी पूरा किया जा चुका है।

### स्टेशनों पर क्या सुधरेगा

स्टेशन के विकास का सबसे ज्यादा काम खार रोड स्टेशन पर दिखाई दे रहा है। यहां प्लैटफॉर्म क्रमांक 1 और 2 के डेक का काम हो रहा है। पश्चिम दिशा में नया प्लैटफॉर्म और प्रवेश द्वार बनाया जाएगा। टिकट विंडो और रेलवे की अन्य इमारतों का स्थानांतरण किया जाएगा। स्टेशन पर चार ऐस्केलेटर्स लगाए जाएंगे। इसी तरह, घाटकोपर स्टेशन पर भी काम जारी है।

# एक दिन में दो खुदकुशी का मामला



**नालासोपारा :** पेल्हार पुलिस स्टेशन अंतर्गत अलगअलग क्षेत्र में एक दी में दो लोगो द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना सामने आई है। दोनो मामले में पेल्हार पुलिस ने सीआरसीपी कलम १७४ के तहत केस दर्ज किया है। यह घटना २२ जून को घटी थी। मिली जानकारी के अनुसार, इन्द्रराज राम अकबाल यादव (४३), निवासी- वलईपाडा, रघुकुलनगर, नालासोपारा पूर्व द्वारा घर के पतरे में लगे पाइप में ओढ़नी की सहायता से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

बताया गया है कि यादव का व्यवसाय नहीं चल रहा था, जिसके कारण उसने उपरोक्त कदम उठाया। फिलहाल, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। इसी क्रम में संजय चरनमल पासवान (३६), निवासी गौराईपाडा नाका, नालासोपारा पूर्व द्वारा किसी अज्ञात कारण वश उसने घर के पत्रा के एंगल में ओढनी की सहायता से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। पुलिस ने शवको पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालाँकि, दोनो मामले की जांच पेल्हार पुलिस कर रही है।

# नवी मुंबई बेलापुर से पेंडार मेट्रो लाइन को मिली मंजूरी

**मुम्बई।** लंबे समय से रुकी हुई नवी मुंबई लाइन 1 को आखिरकार 12 साल के इंतजार के बाद वाणिज्यिक परिचालन के लिए हरी झंडी मिल गई है। सिटी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (सिडको) अब 3,063.63 करोड़ रुपये की लागत वाले बहुप्रतीक्षित परियोजना के साथ आगे बढ़ने को तैयार है। यह मेट्रो लाइन बेलापुर से पेंडार के 11.1 किमी की दूरी को तय करेगी और इसमें 11 स्टेशन शामिल होंगे।

एनएमएमपी लाइन नंबर 1 के प्रारंभिक चरण में बेलापुर रेलवे स्टेशन, सेक्टर -7 बेलापुर, साइंस पार्क, उत्सव



चौक, सेक्टर 11 खारघर, सेक्टर -14 खारघर, सेंट्रल पार्क, पेथापाड़ा, सेक्टर -34 खारघर, पंचानंद, और पेंडार टर्मिनल जैसे कई स्टेशन शामिल हैं। इसके अलावा, रखरखाव के लिए तलोजा में एक डिपो होगा और साथ ही पंचानंद और खारघर में दो ट्रैक्शन सब स्टेशन भी होंगे।


### कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद मिला सर्टिफिकेशन

शुरूआती कागजी कार्रवाई मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) द्वारा सिडको को प्रदान की गई थी, जिन्होंने नवी मुंबई मेट्रो परियोजना की लाइन 1 पर वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने का अधिकार लिया है। इससे पहले, सिडको को अक्टूबर 2021 में पेंडार और सेंट्रल पार्क के बीच लाइन नंबर 1 पर पांच स्टेशनों के लिए सीएमआरएस सर्टिफिकेशन प्रदान किया गया था। हालांकि इसका काम अभी शुरू नहीं है।

# प्लेन में बैठे-बैठे हाइजैक की बात करना पड़ा भारी, गिरफ्तार

**मुंबई।** विस्तारा की मुंबई-दिल्ली उड़ान में हरियाणा के एक 23 वर्षीय युवक को फोन पर हाईजैकिंग के बारे में बात करना भारी पड़ गया। आरोपित मुंबई से दिल्ली जा रहा था। पुलिस के अनुसार, आरोपित मानसिक रूप से अस्थिर है। केबिन क्रू की एक सदस्य ने गुरुवार शाम साढ़े छह बजे के आसपास उसे फोन पर अहमदाबाद के विमान को हाईजैक करने के बारे में बात करते सुना था।

केबिन क्रू के सावधान करते ही सीआइएसएफ ने आरोपित को विमान से उतार कर सहार पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने हिरासत में लेकर उसके विरुद्ध मामला पंजीकृत कर लिया। सहार थाने के वरिष्ठ निरीक्षक संजय गोविल्कर ने कहा कि आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।



विस्तारा एअरलाइंस की केबिन क्रू नेहा सोनी द्वारा पंजीकृत कराई गई शिकायत के अनुसार, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से विमान शाम सात बजे दिल्ली के लिए रवाना होने वाला था।

केबिन क्रू ने कहा, 'मैं यात्रियों की सहायता कर रही थी। 27ई सीट पर बैठे यात्री को फोन पर जोर से यह कहते सुना कि 'अहमदाबाद के लिए विमान में सवार होने वाले हैं। यदि कोई कठिनाई हो तो मुझे फोन करें। हाईजैक की योजना तैयार है। सारी व्यवस्था कर ली है।' यह सुनते ही मैंने तुरंत सुपरवाइजर और पायलट को सूचित किया।'

# साल 2022 के सड़क हादसों में मारे गए 15 हजार से अधिक लोगों में ज्यादातर बाइक सवार




**मुम्बई।** साल 2022 में महाराष्ट्र में सड़क दुर्घटनाओं में हुई लगभग 15,000 मौतों में से कुल 7,700 दोपहिया सवार थे, जिनमें से अधिकतर मौतें हेलमेट न पहनने के कारण सिर में चोट लगने के कारण हुईं। ये आंकड़े राज्य परिवहन आयुक्त द्वारा पिछले सप्ताह जारी एक सर्कुलर में साझा किए गए थे। इस स्थिति को देखते हुए, राज्य परिवहन विभाग ने अपने कर्मचारियों को दोपहिया वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के महत्व और इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों को समझाने के लिए परामर्श देने के लिए एक राज्यव्यापी अभियान शुरू करने का निर्देश दिया है।

### दो-पहिया वाहन से हुई अधिकतर मौतें

इस साल की शुरूआत में सामने आए आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, 2022 में राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में कुल 14,883 लोग मारे गए, जो कि 2019 में कोविड से पहले दर्ज की गई 12,788 मौतों की तुलना में 2,095 ज्यादा है। परिवहन आयुक्त ने बताया कि 2022 में सड़क दुर्घटनाओं में 51 प्रतिशत मौतें दोपहिया सवारों (7,700) की थीं, उन्होंने कहा कि इनमें से अधिकतर घटनाएं हेलमेट न पहनने से सिर में चोट लगने के कारण हुईं।



# विधायक, पूर्व सांसद कर रहे मंत्रियों की शिकायत; हर लड़ाई के पीछे की अलग कहानी

**मध्य प्रदेश।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में अंतर्कलह के कई मामले सामने आ रहे हैं। पहली बार ऐसा हो रहा है कि एक साथ कई मंत्रियों के खिलाफ उन्हीं के इलाके के नेता खुलकर शिकायतें कर रहे हैं। खास बात यह है कि शिकवा-शिकायतें कोर ग्रुप की बैठकों तक पहुंच गई हैं।

ताजा उदाहरण उज्जैन का है। सीएम निवास पर बुधवार को हुई उज्जैन कोर कमेटी की बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव के खिलाफ पूर्व मंत्री पारस जैन और पूर्व सांसद डॉ. चिंतामणि मालवीय समेत अन्य नेताओं ने एक सुर में मोर्चा खोल दिया। पूरा मामला मंत्री यादव की जमीन को मास्टर प्लान में लाने से जुड़ा बताया जा रहा है। इस दौरान यादव और मालवीय के बीच तीखी बहस हुई और ये सब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने हुआ। मंत्री से राजनीतिक झगड़े के इस तरह के कई उदाहरण हैं। दैनिक भास्कर ने ऐसे ही कुछ मामलों की पड़ताल कर यह जानने की कोशिश की कि इसके पीछे वजह क्या है? सामने आया कि हर झगड़े की अपनी अलग कहानी है।

उज्जैन कोर कमेटी की बैठक चुनावी तैयारी को लेकर बुलाई गई थी। बीजेपी सूत्रों का कहना है कि बैठक में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने उज्जैन के मास्टर प्लान में उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव और उनके परिवार की जमीन को सिंहस्थ क्षेत्र से मुक्त करने की बात छेड़ते हुए पूर्व मंत्री पारस जैन ने सवाल उठाए। उनकी बात का समर्थन पूर्व सांसद चिंतामणि मालवीय ने भी किया।



दरअसल, उज्जैन जिले में मंत्री मोहन यादव के बढ़ते राजनीतिक प्रभाव को रोकने के लिए पूर्व मंत्री पारस जैन और पूर्व सांसद चिंतामणि मालवीय ने हाथ मिला लिया है। दूसरी तरफ वर्तमान सांसद अनिल फिरोजिया का मोहन यादव को समर्थन है। चिंतामणि महापौर का टिकट चाहते थे, लेकिन पार्टी ने मुकेश टटवाल को मौका दिया।

वैसे यादव और जैन के बीच राजनीतिक मनमुटाव लंबे समय से चला आ रहा है। 2020 में यादव के मंत्री बनने के बाद दोनों के बीच खाई और बढ़ गई। उज्जैन में मेडिकल कॉलेज को लेकर भी दोनों नेताओं के बीच तल्खी देखने को मिली थी।

सूत्रों का यह भी कहना है कि बीजेपी के आंतरिक सर्वे में अब भी उज्जैन उत्तर सीट से जैन की स्थिति संतोषजनक नहीं है। ऐसे में वे पार्टी पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी तरह चिंतामणि अब आगर से विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं।

यहां पंचायत मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया और कोलारस विधायक वीरेंद्र रघुवंशी आमने-सामने हैं। वीरेंद्र रघुवंशी आरोप लगा रहे हैं कि पंचायत मंत्री पार्टी कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई करा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो इसकी अंदरूनी कहानी कुछ और है। रघुवंशी 2013 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर शिवपुरी से चुनाव लड़े और बीजेपी उम्मीदवार यशोधरा राजे सिंधिया से हार गए। इस चुनाव में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रघुवंशी के पक्ष में प्रचार भी किया था। इसके बाद उन्होंने 2017 में बीजेपी की सदस्यता ले ली। 2018 में बीजेपी ने कोलारस से उन्हें उम्मीदवार बनाया। उन्होंने कांग्रेस के महेंद्र यादव को हराया, जो सिंधिया समर्थक हैं। अब 2023 के चुनाव में रघुवंशी और यादव टिकट के दावेदार हैं। ऐसे में आरोप है कि सिंधिया के करीबी मंत्री सिसोदिया सार्वजनिक कार्यक्रमों में यादव को तरजीह दे रहे हैं। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह के खिलाफ पीडब्ल्यूडी मंत्री गोपाल भार्गव और राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत सहित सागर के बीजेपी विधायकों ने मोर्चा खोला है। 23 मई को कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से दोनों मंत्रियों, विधायकों-शैलेंद्र जैन और प्रदीप लारिया के साथ सागर जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने मंत्री भूपेंद्र सिंह के खिलाफ शिकायत की। बीजेपी सूत्रों का कहना है कि जिला प्रशासन भूपेंद्र सिंह के अलावा अन्य नेताओं को तवज्जो नहीं देता है। कलेक्टर खुरई एसडीएम कार्यालय में भूपेंद्र सिंह की उपस्थिति में जनसुनवाई करते हैं, जबकि गोपाल भार्गव ने 1100 कन्याओं का विवाह समारोह आयोजित किया, लेकिन कलेक्टर नहीं पहुंचे।

### आपातकाल की बरसी पर बीजेपी नेताओं ने बांधी काली पट्टी

# प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा बोले- कांग्रेस ने लोकतंत्र को कुचला, संजय गांधी को कहा शकुनि

**भोपाल।** काली पट्?टी बांधे बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग, मंत्री विश्वास सारंग, विधायक कृष्णा गौर, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल और जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा, %आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने लोकतंत्र को कुचला है। संजय गांधी ने शकुनि की भांति पासे फेंके थे। कमलनाथ ने भी लोकतंत्र का गला घोंटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कमलनाथ से पूछना चाहते हैं कि आपकी 84 के दंगों में क्या भूमिका थी? देश के बुरे इतिहास में मुगलों, अंग्रेजों के साथ कांग्रेस का नाम भी लिखा जाएगा। आपातकाल की बरसी पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडियो शर्मा ने कहा, %आज का दिन हम ब्लैक डे के रूप में देखते हैं और इसी वजह से आज सभी देशभर के भाजपा कार्यकर्ता काली पट्टी बांधकर अपना विरोध प्रकट कर रहे हैं। 25 जून 1975 को कांग्रेस की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में अलोकतांत्रिक काम कर आपातकाल लागू किया था। बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने कहा, %जिनके हाथ 15 हजार सिखों के कत्ल से रंगे हों, वे आज प्रेम की



बात कर रहे हैं। मप्र कांग्रेस और केंद्रीय कांग्रेस जनता को बताए कि उनका कमलनाथ को लेकर स्टैंड क्या है। इस कॉन्फ्रेंस में मंत्री विश्वास सारंग और विधायक कृष्णा गौर मौजूद रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने कहा, 27 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भोपाल में रोड शो होगा। इस रोड शो की थीम %मध्यप्रदेश के मन में मोदी% रखी गई है और इस थीम पर मध्यप्रदेश के नागरिक उनका भव्य स्वागत करेंगे। पीएम मोदी के इस दौरे के साथ हमारी चुनावी तैयारियां शुरू हो गई हैं। 26 तारीख को दोपहर 3 बजे जेपी नड्डा भोपाल पहुंचेंगे। मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के पहले दौर में वे प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। केंद्र में मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर किए गए कामों पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। देशभर में बूथ सशक्तिकरण अभियान की झलक होगी। प्रदर्शनी स्थल का नाम राजमाता सिंधिया के नाम पर होगा। 26 जून को शाम 5.30 बजे प्रदर्शनी का उद्घाटन बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे।27 जून को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर जबलपुर भोपाल और भोपाल इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रवाना करेंगे। इसके बाद वे मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान में शामिल होने के लिए कार से रवाना होंगे राजभवन से लेकर पुलिस कंट्रोल रूम तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो होगा।

## युवक-युवती ने किया सुसाइड

**सेंधवा।** बड़वानी जिले के नांगलवाड़ी थाना क्षेत्र में एक पेड़ पर युवक-युवती के शव लटके मिले। दोनों ने रस्सी से फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलते ही नांगलवाड़ी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची है और जांच में जुट गई है। नांगलवाड़ी थाना प्रभारी सोनल सिसोदिया ने बताया कि थाना क्षेत्र के कमोदवाड़ा गांव में एक पेड़ पर युवक युवती की लाश रस्सी के फंदे से लटकी हुई मिलने की सूचना मिली थी। इसके बाद मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई है। इनकी पहचान कालू पिता रामदास (19) निवासी कामोदवाडा और हिरली पिता प्रताप (18) निवासी मातमुर के रूप में हुई है। प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत हो रहा है। युवक-युवती आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। प्रेम प्रसंग के चलते ही मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। घटना की विस्तृत जांच के लिए एफएसएल की टीम को सूचना दी गई है।

### 'आदमखोर टाइगर को पकड़ने की जरूरत नहीं'

# इंदौर डीएफओ का चौंकाने वाला बयान- बारिश होगी तो जानवर बैक टू जंगल होने लगेंगे

**इंदौर।** महू वन क्षेत्र में पिछले 46 दिनों से टाइगर घूम रहा है और बेखौफ शिकार कर रहा है लेकिन वन विभाग के हाथ अभी तक खाली है। इस बीच मामले में डीएफओ का कहना है कि अभी टाइगर को पकड़ने की कोई आवश्यकता नहीं है। जैसे-जैसे बारिश होने लगेगी जानवर बैक टू जंगल होने लगेंगे। चार टीम लगातार निगरानी रख रही है। दूसरी तरफ टाइगर के मूवमेंट को देखते हुए इलाके में अलर्ट है। वन विभाग की बड़गोंदा नर्सरी में टाइगर के पग मार्क मिले हैं। वीकेंड को देखते हुए लोगों को ये सलाह दी गई है कि वे क्षेत्र के पाताल पानी जैसे पर्यटन स्थलों पर जाने से बचे। जानिए टाइगर के रेस्क्यू और उसके मूवमेंट को लेकर डीएफओ नरेंद्र पंडवा का क्या कहना है। महू के मलेंडी और आसपास के क्षेत्र में टाइगर का मूवमेंट रहा और लेपर्ड का मूवमेंट लगातार बना हुआ है। स्टाफ लगातार निगरानी किए हुए है। हमारी ये कोशिश है कि टाइगर का मूवमेंट जंगल क्षेत्र में रहे। गांव के आसपास नहीं रहे। गांव के आसपास चौबीस घंटे हमारी टीम तैनात है। हमने 4 टीम बनाई है, वो



लगातार निगरानी रख रही है। 3-4 घंटे के बाद टीम अपडेट कर रही है। स्कूल रहवासी क्षेत्र में है, खतरे की कोई बात नहीं है लेकिन फिर भी सावधानी बरतते हुए स्कूल के सुबह के टाइमिंग को चेंज किया है। रविवार को जन हानि के बाद टाइगर को लोकलाइज कर ट्रैंक्यूलाइज करने के लिए भोपाल से रेस्क्यू टीम बुला रहे थे लेकिन अगले दिन औब्दुल्लागंज में रेस्क्यू की जरूरत पड़ गई थी। इस वजह से टीम इंदौर नहीं आ सकी। वर्तमान कंडीशन में भी हमारे पास ऐसी कोई लोकलाइज जगह नहीं है। जहां हम टाइगर को लोकलाइज (टाइगर को ट्रैक कर उसकी हाथियों से घेराबंदी करना) कर पाए हों और उसे ट्रैंक्यूलाइज (टाइगर को बंदूक के जरिए बेहोशी का इंजेक्शन देना) करने की स्थिति में हो।

# मांधाता के नरेंद्र तोमर का बी जे पी से इस्तीफा

**खंडवा।** मांधाता विधानसभा से भाजपा के टिकट पर 2018 का चुनाव लड़ने वाले नरेंद्रसिंह तोमर ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया हैं।? वे कांग्रेस के नारायण पटेल के सामने चुनाव हारे थे, ऑपरेशन लोटस में पटेल ने कांग्रेस छोड़ भाजपा ज्वाइन कर उपचुनाव लड़ा और फिर विधायक बन गए।? तोमर इसी बात से खफा चल रहे थे, यहीं वजह है कि सीएम शिवराजसिंह चौहान ने उन्हें पर्यटन निगम में उपाध्यक्ष का पद देकर राज्यमंत्री का दर्जा दिलाया। लेकिन 21 जून को उन्होंने भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के सामने इस्तीफा पेश कर दिया। नरेंद्रसिंह तोमर के पार्टी से इस्तीफे वाले निर्णय को आपसी गुटबाजी के दृष्टिकोण से देखा जा रहा है। मांधाता की राजनीति के जानकार बताते हैं कि, उन्होंने सिर्फ अपनों को चुनौती देने के लिए यह कदम उठाया है। वे कभी भी पाला नहीं बदलेंगे। यानी वे कांग्रेस ज्वाइन नहीं करेंगे। क्योंकि इस्तीफा दिए चार दिन हो गए हैं, ना कांग्रेस ने तोमर से संपर्क किया और ना ही तोमर ने कांग्रेस नेतृत्व से। उन्होंने मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर लिया है। वे अपने आफिशियल नंबर से सिर्फ सुबह के समय अपने करीबियों से बात कर रहे हैं।

### कमलनाथ बोले-चुनाव को शिवराज से डायवर्ट कर रही बी जे पी

# अब मोदी-शाह सभी आएंगे; वीडी शर्मा का जवाब-84 के दंगों में आपकी क्या भूमिका थी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने पीएम मोदी के एमपी दौरे को लेकर सीएम शिवराज सिंह पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि %यह विधानसभा चुनाव तो शिवराज सिंह चौहान का है। ब्क्ष्क इसे शिवराज से डायवर्ट करना चाहती है। मोदी आएंगे, शाह आएंगे, सभी लोग आएंगे। मोदी आएं और पूरा प्रयास कर लें, हम अपना प्रयास कर रहे हैं। यहां मेरा और जनता का मुकाबला ब्क्ष्क से है।

भोपाल में रविवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से बातचीत में कमलनाथ ने कहा, %मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के पास कुछ बचा नहीं है। वे मेंढक, बंदर, सांप कह रहे हैं। बौखलाए हैं। उनके पास सिर्फ पुलिस, प्रशासन और पैसा बचा है।% कमलनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिस्त्र दौरे और मस्जिद विजिट पर कहा, %मोदी जी मस्जिद, चर्च... जहां भी चाहें, वहां चले जाएं। कोई उन पर विश्वास कर सकता है क्या? आज का मतदाता बहुत समझदार है।

कमलनाथ के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए ब्क्ष्क के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने उन्हें आपातकाल की याद दिलाई। शर्मा ने कहा, %आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने लोकतंत्र को कुचला है। संजय गांधी ने शकुनि की भांति पांसे फेंके थे। कमलनाथ ने भी लोकतंत्र का गला घोंटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।



कमलनाथ से पूछना चाहते हैं कि आपकी 84 के दंगों में क्या भूमिका थी? देश के बुरे इतिहास में मुगलों, अंग्रेजों के साथ कांग्रेस का नाम भी लिखा जाएगा। मप्र कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के प्रांतीय अधिवेशन में दिग्विजय सिंह और दूसरे नेता भी शामिल हुए। मप्र कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के प्रांतीय अधिवेशन में दिग्विजय सिंह और दूसरे नेता भी शामिल हुए। कमलनाथ कांग्रेस दफ्तर में मप्र कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के प्रांतीय अधिवेशन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पहले सैनिकों के भक्त हुआ करते थे, लेकिन आज मोदी भक्ति चल रही है। सर्जिकल स्ट्राइक जनता का ध्यान मोड़ने के लिए लाया गया मुद्दा है। जनता को इमोशनल करेंगे। 2019 में पाकिस्तान की बात की, अगले चुनाव में चीन की बात करेंगे। कमलनाथ ने पूर्व सैनिकों के बीच कहा, %4 महीने बाद कांग्रेस की सरकार बनने वाली है। आपका आई कार्ड ही मंत्रालय का गेट पास होगा। कमलनाथ ने कहा, %राहुल गांधी और प्रियंका गांधी स्क्ष्क आएंगे। हम उनका दौरा कार्यक्रम तय कर रहे हैं।% उन्होंने कहा, %आज करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार के मामले की खबर छपी है। भोपाल ऋझह की है। हर विभाग में यही हाल है। डेली बेसिस पर भ्रष्टाचार हो रहा है। मैं मंडला में था, वहां बताया गया कि पैसे दो और काम लो की स्थिति है।

डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे केस में क्ष्ष्ट चीफ ने कहा, %यह बहुत दुख की बात है। स्ट वर्ग की महिला अधिकारी हैं। उनसे ऐसा व्यवहार किया जा रहा है, यह तानाशाही चल रही है।




**मध्य प्रदेश में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन**

# कमलनाथ मंडला, दिग्गी दतिया, नेता प्रतिपक्ष उज्जैन में करप्शन के खिलाफ प्रदेश सरकार को घेरेंगे



**भोपाल।** महाकाल लोक में हुए भ्रष्टाचार, सतपुडा भवन में आगजनी, पोषण आहार घोटाले सहित तमाम मुद्दों को लेकर आज कांग्रेस प्रदेश भर में प्रदर्शन करेगी। पीसीसी चीफ कमलनाथ से लेकर कांग्रेस के सभी बड़े नेता अलग-अलग जिलों में इस प्रदर्शन में शामिल रहेंगे।

मप्र कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष और संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ जी के निर्देश पर आज प्रदेश के सभी जिलों में जिला कांग्रेस कमेटियों द्वारा सुबह 11 बजे से भाजपा सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। मंडला में आयोजित जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन में पीसीसी चीफ कमलनाथ शामिल होंगे।

आज होने वाले प्रदर्शन में ढ्ढष्टष्ट के जनरल सेक्रेटरी और मप्र के प्रभारी जेपी अग्रवाल-ग्वालियर में शामिल होंगे। वहीं पूर्व सीएम दिग्विजयसिंह-दतिया, डॉ. गोविंद सिंह-उज्जैन, विवेक तन्खा और संजय कपूर जबलपुर, सुरेश पचौरी-भोपाल, अरूण यादव-बुरहानपुर, कांतिलाल भूरिया-झाबुआ, अजयसिंह-सीधी,सह प्रभारी सीपी मित्तल-सतना, सज्जन सिंह वर्मा-देवास, एनपी प्रजापति-नरसिंहपुर, जीतू पटवारी-इंदौर और कमलेश्वर पटेल-रतलाम में आयोजित धरना-प्रदर्शन में शामिल होंगे।

इन मुद्दों पर शिवराज सरकार को घेरेंगे

राजीव सिंह ने बताया कि पिछले महीने उज्जैन महाकाल लोक में हुये भ्रष्टाचार और घटिया चायनीज मटेरियल से बनाई गई सप्त ऋषियों की मूर्तियां हल्के आंधी-तूफान से गिरकर खंडित हो कई थी। बीते 12 जून को भोपाल में मंत्रालय के सामने फायर स्टेशन होने के बावजूद सतपुड़ा भवन 20 घंटों तक आग में महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेजों का जलकर खाक होना और सरकार द्वारा अग्निकांड की निष्पक्ष जांच कराना। प्रदेश में बड़े पैमाने पर बार-बार बिजली कटौती, भीषण गर्मी में किसान एवं आमजनों को हो रही परेशानी सहित प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार, घोटाले, बढ़ती महंगाई, रसोई गैस, डीजल-पेट्रोल के दामों में भारी वृद्धि, बेरोजगारी, किसानों, महिलाओं और अबोध बालिकाओं पर हो रहे अत्याचार आदि मुद्दे धरना-प्रदर्शन में मुख्य रूप से उठाए जायेंगे। धरना प्रदर्शन में जिला, विधानसभा, ब्लाक स्तर के पदाधिकारी, मण्डलम, सेक्टर के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं सहित कांग्रेस पक्ष के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों सहित स्थानीय लोग शामिल होंगे।

## शहडोल में 27 को आएंगे प्रधानमंत्री

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के शहडोल के आदिवासियों की बीच 27 जून को पहुंच रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तैयारी भी परंपरागत ही की गई है। मध्यप्रदेश के शहडोल के आदिवासियों की बीच 27 जून को पहुंच रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तैयारी भी परंपरागत ही की गई है। भोजन के मेन्यू में बाजरे का सूप, कोदो भात, ईदरहर की गढ़ी और बरा के साथ गिफ्ट को भी जनजातीय रंग दिया गया है। इसमें बैगा जैकेट के साथ वीरन माला और बैगा कल्गी है। शहडोल के जिस पकरिया गांव में मोदी दो घंटे रहेंगे, वहां बैगा, कोल और गोंड तीनों जातियां हैं। प्रधानमंत्री आदिवासी बैगा और गोंड परिवार के दो जूनियर फुटबॉलर यश बैगा (चार वर्ष) और अनिदेव सिंह गोंड (पांच वर्ष) से भी मिलेंगे, जो इस क्षेत्र में बने फुटबॉल क्रांति ग्रुप से जुड़े हैं। यश और अनिदेव पूरी 100 लोगों की टीम के खिलाड़ियों के चहेते हैं। इस ग्रुप के 100 लोगों से भी पीएम बात करेंगे। फुटबॉल क्रांति ग्रुप वह है, जिसमें सारे आदिवासी परिवारों के बच्चे कोच रईस खान और अनिल गौड़ के साथ प्रैक्टिस करते हैं। टीम को शहडोल संभाग के कमिश्नर राजीव शर्मा ने प्रमोट किया है।

**मप्र के कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर**

# प्रदेश के 7.50 लाख कर्मचारियों को मिलेगा 4प्रतिशत डीए



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को प्रदेश के 7.50 लाख कर्मचारियों अधिकारियों को 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते (डीए) दिए जाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को प्रदेश के 7.50 लाख कर्मचारियों अधिकारियों को 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते (डीए) दिए जाने की घोषणा की है। एक दो दिन में वित्त विभाग ऑर्डर जारी कर देगा। अभी कर्मचारियों को 38त्न डीए मिल रहा है, जो बढ़कर 42त्न हो जाएगा। इसका भुगतान जुलाई में मिलने वाले वेतन में होगा। डीए की वृद्धि से कर्मचारियों को न्यूनतम 800 और अफसरों को 6000 रुपए तक का फायदा होगा। महंगाई भत्ते की बढ़ोतरी से हर महीने 160 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा। मप्र में नवंबर में चुनाव होना है। इसके चलते एक महीने पहले यानी अक्टूबर में आचार संहिता प्रभावी हो जाएगी। इसके पहले राजनीतिक गणित यह है कि कर्मचारियों के इस बढ़े वर्ग यानी 7.50 लाख कर्मचारियों और 5 लाख पेंशनर को साधने की कवायद की जा रही है। इससे सीधी नजर 50 लाख से ज्यादा वोटरों पर है। यानी 1 जनवरी 2023 से बकाया 4 प्रतिशत डीए का भुगतान जून पेड टू जुलाई में कर दिया जाए, क्योंकि केंद्र 1 जुलाई से बढ़े हुए डीए का एलान करेगा जो प्राइज इंडेक्स (मूल्य सूचकांक) के हिसाब से 4 प्रतिशत बढ़ेगा। इसके बाद मप्र को भी इसका भुगतान करना होगा। इस बारे में अब तक जो तय हुआ है उसके हिसाब से अक्टूबर के पहले ही यह हिसाब भी चुकता कर दिया जाए।

प्रदेश के 7.50 लाख कर्मचारियों में 4.52 लाख कर्मचारी, 2.40 लाख अध्यापक, 25 हजार पंचायत सचिव और वर्क चार्ज में कार्यरत कर्मचारियों को बढ़े हुए 4 प्रतिशत डीए का भुगतान किया जाएगा। इन कर्मचारियों को अभी 38 प्रतिशत डीए मिल रहा है, जिसमें 1 जनवरी 2023 से 4त्न वृद्धि की गई है।

# कांग्रेस ने शेयर किया पूर्व मंत्री का वीडियो

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर पूर्व मंत्री और बीजेपी विधायक गौरीशंकर बिसेन का एक वीडियो शेयर किया है। कांग्रेस ने उन पर बच्चियों के साथ शर्मनाक हरकत करने का आरोप लगाया है। इस वीडियो पर बीजेपी भड़क गई है। गौरीशंकर बिसेन ने कहा कि इस मामले में केस कराऊंगा। वहीं गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि बच्चियों के चेहरे दिखाकर कांग्रेस ने अपराध किया है। विधि विशेषज्ञों की राय ले रहे हैं कि इस मामले में क्या कार्रवाई की जा सकती है। मध्यप्रदेश कांग्रेस ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर शेयर किया यह वीडियो 20 जून का बालाघाट का बताया जा रहा है। जिसमें मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष गौरीशंकर बिसेन दो नाबालिग लड़कियों का हाथ पकड़कर स्टेज पर चढ़ाते दिख रहे हैं। उसके बाद वे लड़कियों के साथ फोटो खिंचवाते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को लेकर कांग्रेस ने गौरीशंकर बिसने पर गंभीर आरोप लगाए है। कांग्रेस ने लिखा- भाजपा विधायक, पूर्व मंत्री और पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष गौरीशंकर बिसेन बच्चियों के साथ शर्मनाक हरकत कर रहे हैं।

**केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का इंदौर दौरा**

# बीजेपी के महा जनसंपर्क अभियान में कार्यकर्ताओं से करेंगी संवाद; महाकाल दर्शन का भी कार्यक्रम

**इंदौर।** चुनावी साल में मध्यप्रदेश में बीजेपी के बड़े नेताओं के दौरे जारी हैं। इसी सिलसिले में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी शनिवार को इंदौर आ रही हैं। वे यहां मोदी सरकार के 9 साल का कार्यकाल पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री ईरानी 11 बजे इंदौर पहुंचेंगी। वे भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के तहत कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगी। इसके बाद दोपहर करीब 2 बजे एबी रोड स्थित सेलिब्रेशन होटल जाएंगी। जहां वे बुद्धिजीवी वर्ग से चर्चा कर पॉवर पाइंट प्रजेंटेशन के जरिए लोक नीति पर बात करेंगी। इस दौरान ईरानी मोदी सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की ब्रांडिंग भी करेंगी। वे शाम 5 बजे बॉस्केटबॉल ग्राउंड में लोकसभा स्तर पर होने वाली जनसभा को संबोधित करेंगी। स्मृति ईरानी का उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर जाने का भी कार्यक्रम है। वे यहां भगवान महाकाल के दर्शन-पूजन के बाद महाकाल लोक का भ्रमण करेंगी।



शहर कांग्रेस प्रवक्ता विवेक खंडेलवाल ने बताया कि आज शहर के प्रमुख चौराहे रीगल चौराहा, रेस कोर्स रोड पर महंगाई डायन द्वारा स्वागत करते हुए केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी के पोस्टर लगाए गए है। आज इंदौर आ रही केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी जो कि 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार में गैस की टंकी मूल्य वृद्धि के विरोध में सड़कों पर प्रदर्शन करती थी, और उस समय गैस की टंकी मात्र ?400 हुआ करती थी मर वह भी उनको बहुत महंगी लगती थी आज जब गैस की टंकी 1150 रुपए हैं तब केंद्रीय मंत्री के मुंह से महंगाई म भी नहीं निकल रहा है, इसी के विरोध में कांग्रेस ने इंदौर आगमन पर केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी का स्वागत के लिए पोस्टर लगवाए पोस्टर पर महंगाई डायन के साथ स्मृति ईरानी है, दूसरी ओर गैस की टंकी है, जिस पर 2014 के भाव और 2023 के भाव लिखे है, पोस्टर पर यह भी लिखा है की 2014 से पहले मेरा विरोध करने वाली स्मृति ईरानी देश मै बढ़ती महंगाई पर चुप क्यों है।

**पैसों के लिए क्रूरता की हद पार करने वाली बेटी**

# बुजुर्ग मां बोली- कमरे से नहीं निकलने देती थी, रूम में ही टॉयलेट करते थे, सिर्फ एक रोटी देती थी



**भोपाल।** भोपाल में माता-पिता से बर्बरता करने वाली महिला और उसके दोनों बेटे फरार हैं। चार महीने तक कमरे में बंधक बनाकर रखे गए सीएस सक्सेना, उनकी पत्नी कनक सक्सेना और 48 साल का बेटा विक्की सक्सेना जेपी अस्पताल में भर्ती हैं। दैनिक भास्कर की टीम अरेरा कॉलोनी स्थित उनके घर पहुंची। यहां महिला के जुल्मों के सबूत कमरे में मौजूद थे। कनक सक्सेना ने जो दास्तां सुनाई, उसे सुनकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि पैसों के लिए बेटी ने उनके साथ जानवरों जैसा सलूक किया। घर में इतने दिनों तक दंपती बंधक बने रहे, पड़ोसियों तक को कानों-कान खबर नहीं थी। जब मीडिया में मामला आया, तब माजरा समझ आया। असल में सीएस सक्सेना के दोस्त ने लिखित आवेदन दिया था कि सक्सेना की बेटी ने उन्हें चार महीने से बंधक बनाकर रखा है। इसके बाद पुलिस उनके घर पहुंची। उन्हें बंधन मुक्त कराकर अस्पताल में भर्ती कराया। जगह- अरेरा कॉलोनी। बंगला नंबर ई-7/72। दिन- शुक्रवार। समय- दोपहर करीब 12 बजे। घर के बाहर नेम प्लेट पर 'वीणा' लिखा है। इसी घर में रहते हैं सीएस सक्सेना (80), उनकी पत्नी कनक सक्सेना (76) और उनका 48 वर्षीय बेटा। घर में सन्नाटा पसरा था। कॉलोनी में भी बात करने वाला कोई नहीं दिखा। हां, यहां से गुजरने वाला हर शख्स इस घर की तरफ जरूर देख रहा था। कॉलोनी में घुसते ही कॉर्नर पर हार्डवेयर की एक दुकान है। यहां खड़े होकर कुछ लोग घर की तरफ अंगुली दिखाकर खुसुर-फुसुर कर रहे थे। हमने उनसे बात करने की कोशिश की। उन्होंने परिचय पूछा। हमने पहचान बताई, तो बात करना बंद कर दिया।कहने लगे कि ऊपर वाले कमरे से विक्की खिड़कियों से चिल्लाता था। सभी को लगता था कि वह मस्ती कर रहा है। माता-पिता भी लंबे समय से नहीं दिख रहे थे, लेकिन उनकी बेटी निधि रोजाना दिख जाती थी, इसलिए संदेह भी नहीं हुआ। वह कार से रोजाना निकलती, लेकिन किसी से बात नहीं करती थी। साल 2002 बेटी निधि की शादी लखनऊ के रहने वाले कर्नल मुकुल सक्सेना से की थी। 2016 में वह पति को छोड़कर भोपाल आ गई। शादी से पहले उसका व्यवहार सामान्य था। हमारी हर बात मानती थी, लेकिन जब वह यहां आई, तब से उसका व्यवहार बदला हुआ था। वह हिंसक प्रवृत्ति की हो गई थी। ऐसे ही उसके दोनों बेटों का व्यवहार था। बात-बात पर गुस्सा हो जाती थी। हाथ भी उठा देती थी। मेरे पति सीएस सक्सेना बैंक मैनेजर पद से रिटायर हैं। उन्हें पेंशन भी मिलती है। निधि आए दिन पैसे मांगती रहती थी। हमने भी बेटी समझकर पूरा खर्च उठाया। उसे पैसे भी दिए। निधि ने हम दोनों का एटीएम भी अपने पास रख लिया था। धीरे-धीरे उसकी हरकतें बढ़ती चली गईं। चिल्लाना, गुस्सा होना और मारपीट करना रोज की बात हो गई थी। खाने के लिए भी ताने मारती थी। हम बेटी समझकर बर्दाश्त करते रहे। अब उसने हम पर कई तरह की पाबंदियां लगाना शुरू कर दीं। घर में आने-जाने वालों पर रोक थी। हमें भी बाहर नहीं निकलने देती थी। कोई मिलने आता, तो बाहर से ही लौटा देती थी। यहां तक कि घर में काम करने वाली से भी बात नहीं करने देती थी।

## भेल के टेक्नीशियन को कार ने मारी टक्कर, घायल

**भोपाल।** अवधपुरी में बाइक से जा रहे भारतीय मजदूर संघ के जिला सहमंत्री बेदीलाल श्यामकर को तेज रफ्तार कार ने सामने से टक्कर मार दी। अवधपुरी में बाइक से जा रहे भारतीय मजदूर संघ के जिला सहमंत्री बेदीलाल श्यामकर को तेज रफ्तार कार ने सामने से टक्कर मार दी। एक्सीडेंट के बाद लोगों ने कार को रोका, तो आरोपी कार छोड़कर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल श्यामकर का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी पर अस्पताल पहुंची अवधपुरी पुलिस ने बयान दर्ज कर लिए हैं। कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। श्यामकर बीएचईएल में टेक्नीशियन हैं। वे शुक्रवार दोपहर करीब ढाई बजे दूसरी शिफ्ट में ड्यूटी के लिए जा रहे थे। कॉलोनी के पास ही बीडीए के मोड़ पर सामने से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। वे करीब 10 फीट दूर उछलकर रोड के किनारे बने गड्ढों में जा गिरे। उनकी गाड़ी को कार चालक घसीटते हुए 50 फीट आगे तक ले गया। वहीं, श्यामकर के सिर और दोनों पैरों में गंभीर चोट आई।



# सुहाना खान के हाथ लगी एक और फिल्म



**बॉलीवुड** एक्टर शाहरुख खान की फिल्मों का उनके फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। पिछली बार फिल्म 'पठान' से बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने वाले शाहरुख खान अब फिल्म 'जवान' में नजर आने वाले हैं। शाहरुख खान की ये फिल्म 7 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बीच शाहरुख खान और उनकी बेटी सुहाना खान की को लेकर बड़ी खबर आई है। बताया जा रहा है कि सुहाना खान की एक फिल्म आएगी जिसमें शाहरुख खान भी नजर आएंगे। आइए जानते हैं शाहरुख खान और सुहाना खान की नई फिल्म को लेकर पूरी खबर क्या है।

'पिंकविला' की रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख खान और फिल्म 'पठान' के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद मिलकर एक फिल्म प्रोड्यूस करने वाले हैं। इस फिल्म में सुहाना खान की लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आएंगी। वहीं, इस फिल्म में शाहरुख खान कैमियो रोल करते नजर आएंगे, जिस तरह से उन्होंने फिल्म डियर जिंदगी में किया था। अभी फिल्म के नाम और डायरेक्टर के नाम के बारे में जानकारी सामने नहीं आई है। ये भी बताया जा रहा है कि फिल्म सुहाना खान और शाहरुख खान के अलावा कई और स्टार्स भी नजर आने वाले हैं और फिल्म की कास्टिंग पर काम शुरू हो चुका है। वहीं, फिल्म की इस साल के आखिर शूटिंग करने की प्लानिंग है।

बताते चलें कि शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान डायरेक्टर जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से डेब्यू करने जा रही हैं। ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। फिल्म 'द आर्चीज' में सुहाना खान के साथ बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा भी डेब्यू करने वाले हैं। वहीं, शाहरुख खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह डायरेक्टर एटली कुमार की फिल्म 'जवान' और डायरेक्टर राजकुमार हिरानी की फिल्म 'डंकी' में काम करते दिखाई देंगे। शाहरुख खान पिछली बार जनवरी, 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'पठान' में दिखाई दिए थे।

# अपने से छोटी उम्र की हिरोइन के साथ रोमांस करने में एक्सपर्ट है ये हीरो

**नवाजुद्दीन** सिद्दीकी खुद से उम्र में छोटी अवनीत कौर के साथ इंटीमेट सीन करने के लेकर चर्चाओं में है. जानते हैं इनसे पहले किन स्टार्स के नाम इस लिस्ट में शामिल हैं. 49 साल के नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने आज ही रिलीज हुई उनकी फिल्म 'टिकू वेड्स शेरु' में 21 साल की अवनीत कौर के साथ इंटीमेट सीन किया है. जिसे लेकर वो खासा चचाओं में हैं.







थ्री इडियट्स, लाल सिंह चड्ढा और तलाश जैसी फिल्मों में पर्दे पर रोमांस करते नजर आने वाला ये कपल काफी पॉपुलर है, लेकिन बता दें करीना कपूर आमीर खान से उम्र में 15 साल छोटी हैं.

नसीरुद्दीन शाह ने विद्या बालन के साथ फिल्म 'डर्टी पिक्चर' में खासा रोमांस किया था. ये फिल्म सुपरहिट साबित हुई. लेकिन मालूम हो कि स्क्रीन पर विद्या के साथ रोमांस करने वाले नसीरुद्दीन शाह विद्या बालन से उम्र में 28 साल बड़े हैं.

अमिताभ बच्चन और तब्बू को लेकर उस वक्त विवाद खड़ा हो गया था जब तब्बू से 30 साल बड़े अमिताभ बच्चन फिल्म 'चीनी कम' है में उनके साथ रोमांस करते नजर आए थे.सलमान खान वैसे तो कई एक्ट्रेसेस के साथ नजर आ चुके हैं, लेकिन फिल्म 'राधे' में वो खुद से 28 साल छोटी दिशा पटानी के साथ रोमांस करते नजर आए तो उन्होंने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया.

अक्षय कुमार ने कुछ समय पहले ही रिलीज हुई फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' में खुद से 29 साल छोटी मानुषी छिल्लर के साथ रोमांच किया था. हालांकि बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई.फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' में शाहरुख के साथ धमाल मचाने वाली अनुष्का उनके उम्र में 20 साल छोटी हैं. दोनों ने इस फिल्म के अलावा 'जब हैरी मेट सैजल' और 'जब तक है जान' जैसी फिल्में की हैं.

# फिल्म की सफलता के बाद एक बार फिर महाकालेश्वर मंदिर पहुंचीं सारा, बाबा महाकाल का लिया आशीर्वाद



**बॉलीवुड** अभिनेत्री सारा अली खान ने महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। सारा अली खान और विक्की कौशल की फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' हाल ही में प्रदर्शित हुई है। फिल्म लोगों को पसंद आई है और अच्छा कलेक्शन कर रही है।

फिल्म को मिले प्यार के बाद सारा अली खान भगवान का शुक्रिया अदा करने उज्जैन पहुंचीं। सारा अली खान ने फिल्म की रिलीज से पहले भी उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर में पूजा की थी। सारा एक बार फिर महाकालेश्वर मंदिर पहुंचीं। जहां उन्होंने बाबा के दर्शन किए। दर्शन से अपनी कुछ तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं।

सारा अली खान ने नंदी हॉल में भगवान शिव के दर्शन किए। आरती के बाद बाबा महाकाल के गर्भगृह में होने वाली शाम की आरती में वह शरीक हुईं। यहां उन्होंने भगवान महाकाल की पूजा की और उनका अभिषेक किया।

इसके बाद उन्होंने महाकालेश्वर परिसर स्थित कोटितीर्थ कुंड में भी दर्शन किए। उज्जैन में दर्शन के बाद सारा इंदौर के लिए रवाना हो गईं। जहां उन्होंने खजराना गणेश मंदिर में दर्शन किए।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com